Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 28 नवंबर, 2023

दाब से शक्ति: पीज़ोइलेक्ट्रसिटी की समझ

पीज़ोइलेक्ट्रसिटी एक अनूठी प्रक्रिया है जिसमें कुछ पदार्थ, जैसे- क्वार्ट्ज़ और **लेड जिरकोनेट टाइटेनेट** (**PZT**), तनाव या दाब की प्रतिक्रिया में विद्युत आवेश उत्पन्न करते हैं। यह प्रभाव तब उत्पन्न होता है जब सामग्री एक बल के अधीन होती है जिसके कारण इसके अणु ध्रुवीकृत हो जाते हैं, जिसका अर्थ है कि सामग्री के भीतर धनात्मक और ऋणात्मक आवेश एक-दूसरे से पृथक हो जाते हैं।

- ऐसा इसलिये होता है क्योंकि **दबाव डालने पर इन सामग्रियों के परमाणु असमान रूप से आवेशित हो जाते हैं** , जिससे मंद विद्युत प्रवाह उत्पन्न होता है।
  - कुछ सामग्रियाँ **विद्युत धाराओं को भौतिक गति** में भी बदल सकती हैं। इन सामग्रियों का व्यापक रूप से **सेंसर और एक्सेलेरोमीटर** जैसे उपकरणों में उपयोग किया जाता है क्योंकि वे यांत्रिक संकेतों को विद्युत संकेतों में बदलने में विशिष्ट होते हैं।
  - इस प्रभाव ने **क्वार्ट्ज़ घड़ियों को** इतना **लोकप्रिय और किफायती** बना दिया है कि वे काम करने के लिये इस तकनीक का उपयोग करते हैं।
- "**पीज़ोइलेक्ट्रिक**" नाम ग्रीक शब्दों से आया है जिसका अर्थ है 'निचोड़ना' और एम्बर (तृणमणि- एक प्रकार की क्रिस्टल) का स्थैतिक बिजली से संबंध।

और पढ़ें: पीज़ोइलेक्ट्रिक प्रभाव

26/11 की घटना के 15 वर्ष

- भारत ने 15 वर्ष पहले **26 नवंबर, 2008 को मुंबई** में हुए आतंकवादी हमले में जान गँवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस घटना को अंजाम देने वाले हमलावर आतंकवादी संगठन **लश्कर-ए-तैयबा** के थे।
- भारतीय सेना के प्रमुख **राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (National Security Guard- NSG) के सदस्य मेजर संदीप उन्नीकृष्णन** ने ताज पैलेस होटल में वीरतापूर्वक प्रयासों का नेतृत्व किया और भीषण गोलीबारी के बीच 50 से अधिक बंधकों को सफलतापूर्वक बाहर निकाला।
  - उन्होंने आतंकवादियों के हमले से असंख्य लोगों की रक्षा करते हुए अपनी जान गँवाकर सर्वोच्च बलिदान दिया।
- **ASI तुकाराम ओंबले** ने कर्त्तव्य का असाधारण प्रदर्शन कर 40 से अधिक गोलियों के घावों के बावजूद **लश्कर आतंकवादी अजमल कसाब** को पकड़ लिया, जिससे पाकिस्तान की आतंकी योजना के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी सामने आई।
- भारत के मुंबई में 26/11 के हमले के बाद भारत में राष्ट्रीय जाँच एजेंसी **(National Investigation Agency- NIA)** की स्थापना की गई थी।

और पढ़ें: सीमा पार आतंकवाद

बुकर पुरस्कार- 2023

आयरिश लेखक पॉल लिंच ने अपने उपन्यास 'प्रोफेट सॉन्ग' के लिये बुकर पुरस्कार- 2023 जीता।

- बुकर पुरस्कार **अंग्रेज़ी भाषी विश्व का अग्रणी साहित्यिक पुरस्कार है।**
- प्रत्येक वर्ष न्यायाधीशों की राय में अंग्रेज़ी में लिखी गई और **यूनाइटेड किंगडम व आयरलैंड में प्रकाशित उपन्यास** की सर्वश्रेष्ठ कृति को यह पुरस्कार दिया जाता है।
- विजेता को 50,000 ग्रेट ब्रिटिश पाउंड (GBP) के साथ-साथ छह शॉर्टलिस्ट किये गए लेखकों में से प्रत्येक को 2,500 ग्रेट ब्रिटिश पाउंड दिये जाते हैं।

और पढ़ें...['टॉम्ब ऑफ सैंड' ने जीता अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार]

म्यूचुअल फंड के लिये इनसाइडर ट्रेडिंग मानदंड लागू करने में देरी

[भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)] द्वारा **म्यूचुअल फंड** को **इनसाइडर ट्रेडिंग** नियमों के तहत लाए जाने के एक वर्ष बाद परिचालन चुनौतियों के साथ ही **प्रवर्तन में देरी** जारी है, जो प्रमुख मानदंडों के कार्यान्वयन को प्रभावित कर रहा है।

- [इनसाइडर ट्रेडिंग] **संवेदनशील जानकारी के आधार पर** किसी कंपनी के स्टॉक या अन्य प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने का कार्य है जो उनके **मूल्य को प्रभावित कर सकता है**।
  - यह जानकारी **सार्वजनिक नहीं** होती है जिसके परिणामस्वरूप इसका उपयोग करने वाले लोगों को अनुचित लाभ मिलता है।
  - इनसाइडर ट्रेडिंग **विधि-विरुद्ध** है लेकिन अगर कोई इनसाइडर अपनी हिस्सेदारी का ट्रेड करता है तथा इसकी ठीक से रिपोर्ट करता है, तो यह **इनसाइडर ट्रांज़ेक्शन** कहलाता है, जो **विधिमान्य** है।
- कानून के अनुसार, इनसाइडर लोगों को अपने व्यापार की जानकारी अधिकारियों को देनी होगी तथा इनसाइडर ट्रेडिंग को रोकने के लिये कुछ नियमों का पालन करना होगा।

और पढ़ें...[इनसाइडर ट्रेडिंग पर नियंत्रण]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-28-november,-2023